हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 15 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 28. 0 डिग्री

रबी फसल और निस्तारी के लिए नहर में 5 हजार क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

2



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड का युवा संगम आयोजन आज

**सक्ती।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त विकासखंड सक्ती, जिला सक्ती का राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के लिए युवा संगम का आयोजन रविवार 15 मार्च को मंगल भवन नगर पंचायत नया बाराद्वार में किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होकर खेल ,चर्चा सत्र, बौद्धिक सत्र इत्यादि के साथ कार्यक्रम शायं 5 बजे संपन्न होगा। कार्यक्रम में 18 वर्ष से 35 वर्ष के सभी युवा युवती सहभागी होने हेतु आमंत्रित किया गया है। खंड कार्यवाह गौरी शंकर राठौर ने सभी को उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में गौरीशंकर राठौर , अरविंद तिवारी, नपं उपाध्यक्ष जितेश शर्मा जगेश राय, जिपं सदस्य आयुष शर्मा , अरुण शर्मा, गेंदराम मनहर,शरद कुमार श्यामले, संतोष यादव , जगन्नाथ यादव, गुलशन देवांगन,पार्षद अजय राजपूत, अमित बरेठ, भरत कर्ष, पंकज संवाडीया, अनिल यादव, रविन्द्र खांडे सहित स्वयं सेवक मौजूद रहे।

### वीडियो चैलेंज, क्विज व लोगो डिजाइन प्रतियोगिता 20 को

**जांजगीर-चांपा।** ग्रामीण विकास और आजीविका से जोड़ने हेतु माय भारत पोर्टल के साथ मिलकर एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल अभियान विकसित भारत जी राम जी युवा डिजिटल अभियान की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से युवा वीडियो चैलेंज, क्विज और रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर डिजिटल जनआंदोलन से जुड़ सकेंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित की गई है।

व्यवसायिक मिल नहीं रहा, घरेलु उपयोग करने पर कार्वाई

# सिलेंडर की किल्लत, चौपाटी में आधे से अधिक दुकानें गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के चलते व्यवसायिक सिलेंडर तो मिलना बंद हो गया है। जिसका सीधा असर व्यवसायिक संस्थानों में देखने को मिल रहा है। जिला मुख्यालय में ही चौपाटी में आधे से अधिक दुकानें गायब हो गई है। इसके अलावा होटल, ढाबों में भी सिलेंडर की समस्या के चलते व्यापारी परेशान है।

पिछले कुछ दिनों से जिले में गैस सिलेंडर की किल्लत बढते जा रही है। व्यवसायिक सिलेंडर नहीं मिलने के साथ ही घरेलु सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग पर रोक लगाने प्रशासन की टीम द्वारा लगातार छापा मार कार्रवाई की जा रही है। इसको लेकर होटल, ढाबा और ठेला, खोमचे वालों में हड़कंप मच गया है। स्थिति यह है कि व्यवसाय चलाने के लिए व्यवसायिक गैस सिलेंडर उन्हें मिल नहीं रहा है और यदि वे घरेलु सिलेंडर का उपयोग करते है तो जब्ती की कार्रवाई होने लगी है। इसका सीधा असर जिला मुख्यालय के चौपाटी में भी देखने को मिल रहा है। सिलेंडर की किल्लत के चलते हमर चौपाटी में लगने वाली आधे से अधिक दुकानें गायब हो गई है। इसके अलावा शहर सहित जिले के चांपा, अकलतरा, अकलतरा, पामगढ़, शिवरीनारायण, बलौदा सहित अन्य शहरों और कस्बाई इलाकों में होटल ढाबा संचालक भी परेशान है।



चौपाटी में दुकानें नहीं लगने से पसरा सन्नाटा।

## होटल और ढाबों में दबिश, 11 गैस सिलेंडर व अन्य उपकरण जब्त

**पामगढ़।** दो देशों में युद्ध के चलते जिले में गैस सिलेंडर की किल्लत बढते जा रही है। व्यवसायिक सिलेंडर नहीं मिलने के साथ ही घरेलु सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग पर रोक लगाने प्रशासन की टीम द्वारा लगातार छापा मार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत कलेक्टर के निर्देशानुसार, खाद्य विभाग की टीम द्वारा 14 मार्च को पामगढ़, शिवरीनारायण एवं आसपास के क्षेत्रों में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने वाले प्रतिष्ठानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। खाद्य विभाग की इस कार्यवाही में विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई, जहां 5 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 के उल्लंघन के मामले पाए गए। इस दौरान विभागीय टीम द्वारा निम्नलिखित प्रतिष्ठानों पर जब्ती की कार्यवाही की गई है। जिनमें शेरगढ़ फैमिली रेस्टोरेंट एवं ढाबा में 3 घरेलू गैस सिलेंडर (विभिन्न वजन के), प्रेशर रेगुलेटर और गैस पाइप जब्त किए गए। इसी के तहतत एल.के. होटल, मेउभाटा में 2 नग घरेलू गैस सिलेंडर (एक खाली व एक भरा), गैस चूल्हा, रेगुलेटर और पाइप जब्त किया गया। बाबा कैफे एण्ड पराठा हाउस से 2 घरेलू गैस सिलेंडर रेगुलेटर, पाइप और दो



मुंहे वाला गैस चूल्हा जब्त किया गया। ब्रदर्स कैफे एण्ड फैमिली रेस्टोरेंट से 2 नग घरेलू गैस सिलेंडर एक भरा व एक खाली और रेगुलेटर जब्त किया गया। इसके अलावा भैयाजी रेस्टोरेंट से 2 नग घरेलू गैस सिलेंडर भरे हुए और रेगुलेटर व पाइप जब्त किए गए। जांच अभियान के दौरान कुल 11 नग एचपी कंपनी के घरेलू गैस सिलेंडर सहित गैस चूल्हा, प्रेशर रेगुलेटर और गैस पाइप की जब्ती बनाई गई है।

# कलयुगी पिता ने नहर में डूबा कर की मासूम बेटे की हत्या

## पामगढ़ पुलिस ने आरोपी को चंद घंटे में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

कलयुगी पिता ने पत्नी से हुए विवाद के बाद अपने ही मासूम बेटे की हत्या कर दी। मासूम को नहर में डूबा कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने चंद घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक पिता ने अपने ही 5 वर्षीय मासूम बेटे को नहर के गहरे पानी में डुबोकर मौत के घाट उतार दिया। ग्राम भैसो निवासी रेशम लाल यादव की शादी वर्ष 2018 में हुई थी और उनके तीन बच्चे हैं। रेशम लाल का अक्सर अपनी पत्नी के साथ विवाद होता रहता था।पारिवारिक विवाद और मारपीट के कारण उसकी पत्नी अपनी दो बेटियों को लेकर मायके ग्राम भिलौनी चली गई थी, जबकि बेटा आयुष अपने पिता के पास ही था। आरोपी अक्सर पत्नी को फोन कर धमकी देता था, कि वह पहले बेटे को मार देगा और फिर खुद भी जान दे देगा। वह 13 मार्च की शाम बेटे आयुष को लेकर निकला और 14 मार्च की रात लगभग 1 बजे ग्राम भिलौनी के आवास पारा नहर में उसे डुबोकर हत्या कर दी। रात करीब 2 बजे रेशम लाल अपनी पत्नी के घर पहुंचा और खुद ही बेटे की हत्या करने की बात बताई। घटना की सूचना मिलने पर पामगढ थाना प्रभारी सावन सारथी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी रेशम लाल यादव को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसे भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी पिता तथा इंसेट में मृत बालक।

## पुलिस बनकर धमकाया, युवक ने की आत्महत्या, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस बन कर एक युवक ने फोन कर एक अन्य युवक को धमकाया। धमकीभरा फोन आने के बाद तनाव में आकर युवक ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने एक वीडियो बनाया। इसके आधार पर पुलिस ने धमकाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 मार्च को कोरबा जिले के उरगा चौकी क्षेत्र में एक युवक ने आत्महत्या कर ली।

युवक ने सुसाइड से पहले एक वीडियो बनाकर वायरल किया। मृतक 25 वर्षीय सनत कुमार कश्यप जांजगीर चाम्पा जिले के ग्राम चोरभट्टी का रहने वाला था जो उरगा चौकी क्षेत्र के पताड़ी में काम करता था। वीडियो में उसने एक व्यक्ति द्वारा पंतोरा चौकी से फ़ोन कर उसके साथ गाली गलोच कर धमकाने के कारण आत्महत्या करने की बात कही। सूचना मिलने पर जिला जांजगीर चम्पा पुलिस द्वारा जांच प्रारभ किया गया। जांच में यह बात सामने आई कि कोरबा जिले के सचिन खरे की बहन लापता हो गई थी। सचिन द्वारा पता करने पर उसे ममेरे भाई धीरेन्द्र पाटले के दोस्त सनत कश्यप पर शक हुआ। सचिन ने अपने रिश्तेदार शैलेन्द्र पाटले के फ़ोन से सनत कश्यप को कॉल कर खुद को पंतोरा चौकी का पुलिस बताते हुए गाली गलोच कर धमकाया। सनत कश्यप इससे डर गया और उसने आत्महत्या कर ली। जांजगीर पुलिस ने आरोपी सचिन खरे को अभिरक्षा मे लेकर पुछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। बलौदा पुलिस ने सचिन खरे के खिलाफ धारा 204 बी एन एस के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।




# कुसमुंडा क्षेत्र की पहल से तालाब में पहुंचा खदान का पानी, ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा ग्राम पाली के तालाब में कुसमुंडा खदान से पानी की आपूर्ति कर जनहित पहल की गई है। इस प्रयास से ग्राम पाली सहित आसपास के क्षेत्र में जल उपलब्धता में सुधार हुआ है, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। कुसमुंडा क्षेत्र की माइनिंग तथा ई एंड एम टीम ने लगातार 48 घंटे तक कार्य किया। खनन कार्यों के साथ-साथ इतने कम समय में इस व्यवस्था को स्थापित करना टीम की प्रतिबद्धता, कुशल समन्वय और कार्य के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है।

इस कार्य के लिए आवश्यक होज पाइप की व्यवस्था सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा अत्यंत तत्परता के साथ की गई। विभाग ने मात्र दो दिनों के भीतर एनसीएल, सिंगरौली से आवश्यक सामग्री मंगवाकर उपलब्ध कराई, जिसके कारण इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करना संभव हो सका। इस पूरे कार्य में वरीय खनन प्रबंधक समयलाल ने विशेष भूमिका निभाई और बिना विश्राम किए लगातार प्रयास करते हुए कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण कराया। कुसमुंडा प्रबंधन ने कहा कि कंपनी खनन कार्यों के साथ-साथ आसपास के गांवों के सामाजिक विकास और जनहित से जुड़े कार्यों के लिए भी प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी क्षेत्र के ग्रामीणों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऐसे जनहितकारी प्रयास निरंतर किए जाते रहेंगे। कुसमुंडा क्षेत्र की इस पहल की स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सराहना की जा रही है, क्योंकि इससे जल संकट की स्थिति में काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

## ग्राम पाली के तालाब में पहुंचाया जा रहा पानी

**खास बातें**

- कुसमुंडा की माइनिंग और ई एंड एम टीम ने 48 घंटे किया काम
- प्रयास के बाद जल उपलब्धता में हुआ सुधार



# क्राइम की खबरें

## पाली पुलिस व खाद्य विभाग टीम की संयुक्त टीम ने ढाबों की चेकिंग, दिए सख्त निर्देश

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना पाली पुलिस एवं स्टाफ के द्वारा नेशनल हाईवे 130 पर स्थित डुमरकछार से बगदेवा तक ढाबों का औचक चेकिंग किया गया। हाईवे पर अनिल ढाबा डूमरकछार, मन्नू ढाबा डुमरकछार, नारायण ढाबा डुमरकछार, विराज होटल, दिनेश गोस्वामी ढाबा पाली, बतरा ढाबा, सभी ढाबों का सघन चेकिंग कर नोटिस दिया गया किसी प्रकार का आपत्तिजनक नशे से संबंधित पदार्थ नहीं मिला। सभी ढाबों को सख्त हिदायत दिया गया कि किसी प्रकार का नशा संबंधी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान पुलिस ने ढाबा संचालकों को हिदायत दिया गया कि ढाबा के दीवारों पर शराब पीना मना है का फ्लैग लगा हुआ होना चाहिए। साथ ही वाहनों को सही ढंग से पार्किंग कराया जाए। किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तत्काल डायल-112 को दिया जाए। चेकिंग के दौरान नारायण ढाबा, मन्नू ढाबा, अनिल ढाबा, एवं गोस्वामी ढाबा को फूड लायसेंस न होने के कारण खाद्य अधिकारी द्वारा बंद कराया गया था।

## रेलवे क्रासिंग पर घंटों मालगाड़ी खड़ी होने से राहगीर हुए परेशान

**कोरबा।** टीपी नगर चौक रेलवे क्रासिंग लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। शुक्रवार की सुबह पुनः यहां कोयला भरी मालगाड़ी के रेलवे क्रासिंग पर घंटों खड़ी रहने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि इस रेलवे ट्रैक से बालको एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के संयंत्रों के लिए कोयला आपूर्ति हेतु मालगाडि़यां चलती हैं, जो ओवरलोड, ट्रैक के चढ़ाव होने और मालगाड़ी के डिब्बों की अधिकाधिक संख्या होने के कारण अक्सर टी.पी. नगर चौक रेलवे क्रासिंग पर आते-आते हॉफ कर खड़ी हो जाती है। इसी कड़ी में मालगाड़ी सुबह 9.30 बजे के लगभग यहां पहुंची और क्रासिंग के बीचो-बीच खड़ी हो गई, जिससे लोग क्रासिंग पार नहीं कर सके और इसमें फंसे रहे। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों ने वैकल्पिक मार्ग चुनते हुए या तो शारदा विहार की ओर से अपने गंतव्य की ओर गए या रिकांडो मार्ग का उपयोग कर सीएसईबी चौक होते हुए पार हुए, लेकिन चारपहिया वाहन क्रासिंग में फंसी रही और इसके खुलने का इंतजार करती खाई रही। 11 बजे के बाद मालगाड़ी को आगे बढ़ाने के लिए अतिरिक्त इंजन मंगवाया गया। उसके आने के बाद मालगाड़ी आगे बढ़ी और इसमें फंसे लोग अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

## रैम्प योजना अंतर्गत स्टार्टअप नीति पर जागरूकता कार्यक्रम

**कोरबा।** उद्योग विभाग द्वारा संचालित रैम्प योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टार्टअप नीति 2025-30 के विषय में आज मॉर्डन कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ शासन की स्टार्टअप नीति 2025-30 के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न प्रकार की सब्सिडी, वित्तीय सहायता एवं प्रोत्साहनों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्टार्टअप इकाइयों को वित्तीय सहायता, प्रोटोटाइप विकास सहायता, विपणन सहायता, मार्गदर्शन (मेंटोरशिप) तथा अन्य अनेक प्रोत्साहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह पहल युवाओं को अपने नवीन विचारों को व्यवसाय के रूप में विकसित करने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर देती है। छत्तीसगढ़ स्टार्टअप नीति के अंतर्गत योग्य स्टार्टअप इकाइयों को प्रारंभिक चरण में आर्थिक सहयोग, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन तथा बाजार से जोड़ने की सुविधा प्रदान की जाती है।

## रोजगार कार्यालय में प्लेसमेन्ट कैम्प 16 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा में प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन 16 मार्च को किया जा रहा है। जिसमें नियोजकों- श्रमिन टैलेंट प्रा0लि0रायपुर, सिटी डेंटल हॉस्पिटल कोरबा, फिजिक्सवालाह कोरबा और श्री क्वालिटी सर्विसेस पुने द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रिक्तियों में इलेक्ट्रिक मीटर टेक्निशियन - 100, रिसेप्सनिश्ट -3, डेण्टल असिस्टेंट - 10 ऑफिस बॉय - 1, ड्राईव्हर - 2, कैरियर काउंसलर- 4, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव्ह -4, इंग्लिश टीचर - 4, क्वालिटी इंस्पेक्टर - 100 पद,योग्यता- 10वी, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आयुसीमा- 18-35 वर्ष तक एवं वेतनमान रूपये - 7,000 से 20,000 तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है।

## बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को 42 घंटे किया जा रहा संचालित

# रबी फसल और निस्तारी के लिए नहर में 5 हजार क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

रबी फसल व गर्मी में गांव गांव में निस्तारी के लिए किसानों को भरपूर पानी मिल सके इसके लिए बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ा दी गई है और हाइडल प्लांट 42 घंटे संचालित किया जा रहा है। जिसकी वजह से दर्री बाराज के दांयी व बांयी तट नहर के माध्यम से लगभग 5 हजार क्यूसेक पानी नहर में प्रवाहित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि बांगो बांध की कुल जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। मौजूद स्थिति में बांगो बांध में 354.92 मीटर पानी भरा हुआ है जो कुल जलभराव का 73 फ़ीसदी पानी है। बांगो बांध मात्र 27 फ़ीसदी खाली हुआ है। बांगो बांध में अभी भी पर्याप्त पानी है। ऐसे में किसानों को रबी फसल और गर्मी के सीजन में निस्तारी के लिए किसानों को भरपूर पानी मिल सके इसके लिए पानी की डिमांड को देखते हुए बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को लगातार 42 घंटे संचालित किया जा रहा है। जिससे 5250 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। यह पानी सीधे हसदेव दर्री बराज पहुंच रहा है और हसदेव दर्री बराज के दांयी और बांयी तट नहर के माध्यम से पानी दिया जा रहा है। बताया जाता है कि दांयी तट नहर में 1851 क्यूसेक और बांयी तट नहर में 2908 क्यूसेक पानी लगभग 5 हजार क्यूसके पानी नहर में छोड़ा जा रहा है। यह पानी सीधे किसानों तक पहुंच रहा है और खाली हो चुके तालाबों को भरने का काम किया जा रहा है साथ ही किसानों को रबी फसल के लिए भरपूर पानी मिल रहा है। जिससे किसान खेती कर मालामाल हो सकेंगे।

### आने वाले दिनों में और बढ़ाई जा सकती हाइडल की रफ्तार

यदि किसानों द्वारा पानी की ओर डिमांड की गई तो निश्चित तौर पर बांगो बांध में बने हाइडल की रफ्तार और बढ़ाई जा सकती है क्योंकि अप्रैल और मई के महीने में पानी की सबसे ज्यादा डिमांड होती है क्योंकि इसी दौरान ज्यादातर नदी नाले सूखने के कगार पर पहुंच जाते हैं और ऐसे में गांव में पानी की कमी आई तो निश्चित तौर पर हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई जाएगी और किसानों को नहर के माध्यम से और भी पानी दिया जाएगा।

### जिले में मात्र 40 हेक्टेयर होती है सिंचित

प्रदेश का सबसे बड़ा बांध बांगो बांध है जो जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर बांगो बांध का निर्माण किया गया है। इस बांध के निर्माण के बाद से मुख्य रूप से पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा, रायगढ़ व खरसिया के इलाके में बसने वाले किसानों को सबसे ज्यादा इस बांध का पानी का लाभ मिलता है। जबकि कोरबा जिले में मात्र 40 हेक्टेयर की भूमि को ही रबी फसल में सिंचित होती है। बताया जाता है कि इसमें ज्यादातर करतला विकासखंड में आने वाले गांव को ही नहर के माध्यम से पानी आपूर्ति की जाती है। कोरबा जिला पहाड़ी इलाका व चढ़ाई होने की वजह से जिले को दांयी और बांयी तट नहर के माध्यम से लाभ नहीं मिल पाता है। जबकि पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा और रायगढ़ जिले के निचला हिस्सा होने की वजह से दोनों जिले के बांगो बांध इनके लिए किसी संजीवनी से काम नहीं है।

# चेक बाउंस का आरोपी अस्पताल में ले रहा था वीआईपी ट्रीटमेंट, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मोबाइल चलाता अस्पताल में भर्ती आरोपी

चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी को न्यायालय ने दो वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। जब उसे जेल ले जाने से पहले मेडिकल कॉलेज अस्पताल में परीक्षण के लिए ले जाया गया तो उसकी तबियत ठीक नहीं होने पर चिकित्सकों की सलाह से अस्पताल में ही भर्ती कर दिया गया। जहां उसे अलग से कमरा भी उपलब्ध कराया गया था जहां वह व्हीआईपी ट्रीमेंट ले रहा था। जिसके बाद शुक्रवार को अस्पताल से उसे छुट्टी दे दी और जेल दाखिल कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी अपूर्व वासन पिता गुलशन वासन को 6 मार्च को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जबकि न्यायालय ने उसे एक चेक बाउंस मामले में सीधे जेल भेजने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने उसे 2 वर्ष सश्रम कारावास से दंडित किया था। जब पुलिस उसे परीक्षण के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया तो उसकी तबियत ठीक नहीं होने की बात कहते हुए उसे अस्पताल में ही दाखिल कर दिया गया था और नियमों के विपरीत उसे सामान्य वार्ड या आईसीयू के बजाय एक अलग कमरा उपलब्ध कराया गया था। जहां आरोपी मोबाइल फोन भी चला रहा था, मामला सामने आने के बाद अस्पताल से शुक्रवार को उसे छुट्टी दे दी गई और उसे जेल में दाखिल कर दिया गया है। इस मामले को लेकर जेलर अमितेश साहू से लगातार संपर्क किया गया लेकिन उनसे बात नहीं हो पायी।

### स्थिति के अनुसार की जाती है कार्रवाई

जेल दाखिल करने से पूर्व स्थिति देखने के लिए चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किया जाता है। उसके बाद स्थिति अनुसार कार्यवाही की जाती है। मान लो बीमार ज्यादा या अनफिट है तो उसको एडमिट करने की सलाह दी जाती है।

\- **डॉ गोपाल कंवर,** अधीक्षक, जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल

# भूमिगत खदान से उत्पादन में देरी, मड़वा में गहराया कोयला संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की गारे पाल्मा- III भूमिगत खदान के उत्पादन में नहीं आने से मड़वा संयंत्र के समक्ष कोयला संकट गहरा गया है। वहीं खुली खदान से भी माइनिंग प्लान के अनुरूप पर्याप्त कोयला नहीं मिल रहा है। कोयला मंत्रालय से लगभग डेढ़ मिलियन टन ईंधन आपूर्ति का लिंकेज देने की मांग रखी गई है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी को रायगढ़ जिले में स्थित गारे पाल्मा- III कोल ब्लॉक का आबंटन सितम्बर 2025 में हुआ था। यह आबंटन कंपनी के 1000 मेगावाट क्षमता वाले जांजगीर चांपा में स्थित मड़वा थर्मल पॉवर प्लांट की कोयला जरूरतों को पूरा करने के लिए किया गया था। कंपनी के माइनिंग प्लान के अनुसार गारे पाल्मा- III की कोयला उत्पादन क्षमता 5 मिलियन टन सालाना है। इसमें 4 एमटी ओपनकास्ट तथा एक एमटी भूमिगत खदान की उत्पादन क्षमता सम्मिलित है। कंपनी ने 2023- 24 में ओपनकास्ट खदान से 4 एमटी कोयला उत्पादन दर्ज किया था, जो माइनिंग प्लान के अनुरूप था। इधर, गारे पाल्मा- III की भूमिगत खदान उत्पादन में नहीं आ सकी है। इस कारण एक मिलियन टन कोयला नहीं मिल पा रहा है। कंपनी ने बताया कि भूमिगत खदान 2023- 31 तक उत्पादन में आ सकेगी। कंपनी ने बताया है कि गारे पाल्मा- III के ओपनकास्ट खदान में अंदरूनी डंप के ओवरबर्डन लोड को ध्यान में रखते हुए, प्रस्तावित अंडरग्राउंड ड्राइवेज के लिए सपोर्ट सिस्टम के डिज़ाइन के लिए साइंटिफिक स्टडी का काम सीआईएमएफआर को सौंपा गया है। सीआईएमएफआर ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सुरक्षित अंडरग्राउंड माइन ऑपरेशन के लिए, माइनिंग ऑपरेशन शुरू होने के कम से कम 09 साल बाद इनक्लाइन का ड्राइवेज शुरू होना चाहिए। इसके अनुसार इनक्लाइन का ड्राइवेज मार्च 2028 से शुरू होगा। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी ने बताया कि इसको देखते हुए माइनिंग प्लान को रिवाइज़ किया जा रहा है। इस कारण ओपनकास्ट खदान से भी करीब आधा मिलियन टन कोयला कम मिलेगा। विद्युत मंत्रालय ने संशोधित शक्ति नीति, 2025 की विंडो-I के तहत छत्तीसगढ़ राज्य को मड़वा टीपीपी के लिए 0.415 एमटीपीए के कोयला लिंकेज पर विचार करने का अनुरोध कोयला मंत्रालय से किया है। इसके अलावा, विद्युत मंत्रालय ने गारे पाल्मा- III की अंडरग्राउंड खदान से कोयले के गैर-उत्पादन के बदले छत्तीसगढ़ राज्य को अतिरिक्त एक मिलियन टन मध्यम अवधि लिंकेज देने का भी अनुरोध किया गया है। विद्युत मंत्रालय ने कहा है कि मड़वा को नोटिफाइड कीमत पर कोयले की सप्लाई से बिजली सस्ती मिलेगी। विद्युत क्षेत्र को कोयला लिंकेज वर्तमान में संशोधित शक्ति नीति, 2025 के अंतर्गत प्रदान किए जाते हैं। संशोधित शक्ति नीति के अंतर्गत, किसी राज्य को कोयला लिंकेज उनके अनुरोध के अनुसार और विद्युत मंत्रालय की सिफारिश दिया जाता है। 16 मार्च को कोयला मंत्रालय की स्टैंडिंग लिंकेज कमेटी की बैठक होनी है। इस बैठक में मांग के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी को लगभग डेढ़ मिलियन टन कोयला लिंकेज देने पर विचार किया जाएगा।

# दो मोटर साइकिल में भिड़ंत, एक की मौत दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग में तीन मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से एक मोटरसाइकिल में सवार युवक की मौत हो गई है जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है जबकि मृत युवक के शव को वैधानिक कार्रवाई कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के सारागांव कमरीद निवासी निखिलेश कंवर 22 वर्ष पिता फुल साय कंवर अपने बाइक क्रमांक सीजी 11 बीक्यू 0371 में सवार होकर अपने मामा के घर कुकरीचोली आया हुआ था जहां से कुकरीचोली से वह किसी काम से कोरबा आया हुआ था और गुरुवार की रात लगभग 8 बजे वह वापस लौट रहा था कि उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़वारानी ओवर ब्रिज के समीप पहुंचा था कि रिंग साइड से आ रहे दो मोटरसाइकिल से उसकी मोटरसाइकिल में भिड़ंत हो गई। जिससे बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया जबकि निखिलेश कंवर को उपचार के लिए गंभीर अवस्था में मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान निखिलेश की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सूने मकान में चोरी के मामले में पुलिस को मिला सुराग

**कोरबा।** मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रविशंकर शुक्ला नगर निवासी ज्योति चंद्रा आरएसएस नगर के एमआईजी 2/113 में अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सोने चांदी की जेवरात सहित लगभग 3 लाख रुपए का माल पार कर दिया था। इस मामले में पुलिस को चोरों के संबंध में अहम सुराग हाथ लगा है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों तक पहुंचने में कामयाब हो पायी है। पुलिस शनिवार को इस मामले का खुलासा कर सकती है।

## फांसी से पहले युवक ने बनाया वीडियो जारी किया सोशल मीडिया पर

**कोरबा।** एक 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदखुशी कर लिया है और इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया है। पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंची थी और मामले की जांच शुरु कर दी है। युवक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के ग्राम चोरभट्ठी निवासी सनत कश्यप उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पताढ़ी स्थित अशोक लेलेंड वर्कशॉप में काम करता था। जिसने शुक्रवार की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। फांसी लगाने से पहले उसने 52 सेकंड का वीडियो जारी किया था जो अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र 87/ब-121/2025-2026
ग्राम- अमोदा तहसील-जांजगीर

आवेदक श्री लकेश्वर उम्र 23 वर्ष पिता स्व. श्री सखाराम जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम अमोदा तहसील जांजगीर थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदका चांदनी कुमारी उम्र 19 वर्ष पिता श्री रामकुमार जाति कहरा निवासी ग्राम अमोदा तहसील जांजगीर थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) बनाम छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम अमोदा तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री लकेश्वर उम्र 23 वर्ष पिता स्व. श्री सखाराम जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम अमोदा तहसील जांजगीर थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदका चांदनी कुमारी उम्र 19 वर्ष पिता श्री रामकुमार जाति कहरा निवासी ग्राम अमोदा तहसील जांजगीर थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 25.03.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13.02.2026 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र 82/ब-121/2025-2026
ग्राम- मेंहदा तहसील-पामगढ़

आवेदक श्री भूपेश कुमार उम्र 24 वर्ष पिता श्री हेमलाल सूर्यवंशी जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम मेंहदा तहसील जांजगीर थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका सुमन साहू उम्र 21 वर्ष पिता श्री श्याम कुमार साहू जाति तेली निवासी मेंहदा तहसील जांजगीर थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) बनाम छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम मेंहदा तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भूपेश कुमार उम्र 24 वर्ष पिता श्री हेमलाल सूर्यवंशी जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम मेंहदा तहसील जांजगीर थाना पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका सुमन साहू उम्र 21 वर्ष पिता श्री श्याम कुमार साहू जाति तेली निवासी मेंहदा तहसील जांजगीर थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 25.03.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 11.02.2026 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

मैं मिथलेश कुमार चन्द्रा उम्र 35 वर्ष पिता प्रेमशंकर चन्द्रा जाति चन्द्रनाहू ग्राम बडे रबेली तहसील मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) का हूं जो कि शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूं।
1/ यह कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी एवं कास्तकार हूँ। मेरे पुत्र गौरव चन्द्रा का जन्म दिनाक 08.11.2016 को हैमिन बाई राम नारायण मेमोरियल हास्पिटाल चांपा में हुआ है जिसका आने लाईन जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है। जिसमे मेरे पुत्र का नाम गौरव चन्द्रा दर्ज व अंकित है। 2/ यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक 339411956578 में उनका नाम गुलाब चन्द्रा दर्ज व अंकित है जो मुंह बोला अर्थात वालू नाम है जबकि गौरव चन्द्रा एवं गुलाब चन्द्रा दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पुत्र का ही नाम है इसलिये उक्त आधार कार्ड में उनका नाम जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर सुधार कर परिवर्तित किया जाये। 3/ यह कि यह शपथ पत्र मेरे पुत्र के आधार कार्ड में दर्ज गुलाब चन्द्रा को उनके जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार उनका नाम परिवर्तन करने के समर्थन में पेश है।

**मिथलेश चन्द्रा- शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं मिथलेश कुमार चन्द्रा पिता श्री प्रेमशंकर चन्द्रा यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 03 तक लिखी बाते सत्य है। आज दिनांक 09.03.2026 को मालखरौदा में अपना हस्ताक्षर कर दिया।

**मिथलेश चन्द्रा- सत्यापनकर्ता**


# भूमिगत खदान से उत्पादन में देरी, मड़वा में गहराया कोयला संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की गारे पाल्मा- III भूमिगत खदान के उत्पादन में नहीं आने से मड़वा संयंत्र के समक्ष कोयला संकट गहरा गया है। वहीं खुली खदान से भी माइनिंग प्लान के अनुरूप पर्याप्त कोयला नहीं मिल रहा है। कोयला मंत्रालय से लगभग डेढ़ मिलियन टन ईंधन आपूर्ति का लिंकेज देने की मांग रखी गई है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी को रायगढ़ जिले में स्थित गारे पाल्मा- III कोल ब्लॉक का आबंटन सितम्बर 2025 में हुआ था। यह आबंटन कंपनी के 1000 मेगावाट क्षमता वाले जांजगीर चांपा में स्थित मड़वा थर्मल पॉवर प्लांट की कोयला जरूरतों को पूरा करने के लिए किया गया था। कंपनी के माइनिंग प्लान के अनुसार गारे पाल्मा- III की कोयला उत्पादन क्षमता 5 मिलियन टन सालाना है। इसमें 4 एमटी ओपनकास्ट तथा एक एमटी भूमिगत खदान की उत्पादन क्षमता सम्मिलित है। कंपनी ने 2023- 24 में ओपनकास्ट खदान से 4 एमटी कोयला उत्पादन दर्ज किया था, जो माइनिंग प्लान के अनुरूप था। इधर, गारे पाल्मा- III की भूमिगत खदान उत्पादन में नहीं आ सकी है। इस कारण एक मिलियन टन कोयला नहीं मिल पा रहा है। कंपनी ने बताया कि भूमिगत खदान 2023- 31 तक उत्पादन में आ सकेगी। कंपनी ने बताया है कि गारे पाल्मा- III के ओपनकास्ट खदान में अंदरूनी डंप के ओवरबर्डन लोड को ध्यान में रखते हुए, प्रस्तावित अंडरग्राउंड ड्राइवेज के लिए सपोर्ट सिस्टम के डिज़ाइन के लिए साइंटिफिक स्टडी का काम सीआईएमएफआर को सौंपा गया है।





जांजगीर मार्केट

फर्नीचर
आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट (1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टेंड डिजाईन एवं डेकोरेशन
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# ओ रोमियो को बॉक्स ऑफिस पर मिला फ्लॉप का तमगा

**मुंबई।** बॉलीवुड में शेक्सपियर की कहानियों को भारतीय परिवेश में ढालने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो ने सिनेमाघरों में उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत यह रोमांटिक एक्शन थ्रिलर 13 फरवरी को रिलीज हुई थी, लेकिन महज कुछ हफ्तों में ही इसे फ्लॉप का तमगा मिल गया। फिल्म की कुल कमाई लगभग 100 करोड़ रुपए रही, जबकि बजट और प्रमोशन मिलाकर 130 करोड़ का खर्च आया, जिससे निर्माताओं को 30 करोड़ का नेट लॉस हुआ। ओ रोमियो की कहानी 1990 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की शुरुआत ठीक-ठाक रही. पहले दिन 7.75 करोड़, दूसरे दिन 11.75 करोड़ और वैलेंटाइन डे के असर से वीकेंड में कुल 25 करोड़ से ज्यादा की कमाई हुई। लेकिन, उसके बाद गिरावट आई।

लाइफ Style

# अनन्या

## खुद को हमेशा कमतर समझा

अनन्या पांडे ज्यादातर अपने परिवार और दोस्तों के बीच दिखाई देती हैं। मगर एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपने पुराने रिलेशनशिप के अनुभवों से सीखने की बात स्वीकार की। अनन्या पांडे ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में पुराने रिलेशनशिप उससे जुड़ी उम्मीदें और अपने निजी जीवन के बारे में काफी कुछ बताया।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

एक्ट्रेस ने खुद के जीवन जीने के तरीकों में बदलाव की बात भी कही। अनन्या पांडे अपने दोस्तों और फैमिली के साथ काफी समय बिताती हैं। एक इंटरव्यू में अनन्या ने अपने अतीत और निजी जीवन के नजरिए के बारे में काफी कुछ शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे अकेले रहने में काफी परेशानी होती है। वह हर वक्त परिवार और दोस्तों से घिरे रहना पसंद करती हैं। मगर कुछ समय बाद मुझे अकेले रहने का महात्व समझ आया। ऐसा करने से मैंने अपने जीवन में एक बदलाव महसूस किया। मुझे रिश्तों पर दोबारा सोचने का समय मिला।' एक्ट्रेस ने अपनी बातचीत में आगे बताया कि उनके पिछले रिश्ते से उन्होंने काफी सबक लिए। इस रिश्ते ने उनके आत्म-सम्मान पर भी काफी प्रभाव डाला। अकेलेपन के पहले जब वो रिश्ते में थी उन्होंने खुद को हमेशा कमतर समझा। वह हमेशा यह चाहती थी कि सामने वाले की अहमियत उनसे ज्यादा हो। जिस वजह से वह उस व्यक्ति के हिसाब से खुद को बदल लेती थीं। मगर अब वो अपने अंदर एक अलग चेंज लेकर आई हैं। एक्ट्रेस की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा..' हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन भी नजर आए थे। अब अनन्या की दूसरी फिल्म धर्मा प्रोडक्शन की रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' रिलीज होगी।



## हॉलीवुड मसाला



# फैशन वीक में फ्लॉन्ट की सोने की अंगूठी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन एक्ट्रेस और सिंगर जेंडाया, टॉम हॉलैंड के साथ शादी की अफवाहों को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच वह पेरिस फैशन वीक में शानदार ड्रेस में नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट की है। माना जाता है कि उन्होंने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी शादी को कंफर्म कर दिया है। उनके फैंस ऑनलाइन यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या कपल ने चुपके से शादी कर ली है? जेंडाया ने लूव्र में लुई विटॉन के शो में सफेद रंग की ड्रेस में शिरकत की। शो में उन्होंने जो ज्वैलरी पहनी वह चर्चा का विषय बन गई। जेंडाया ने हाल के दिनों में सगाई की अंगूठी के बजाय एक सादी सोने की अंगूठी पहनी है। इस बात से पता चलता है कि उन्होंने शादी कर ली है। ज्वैलरी एक्सपर्ट पेज नील ने बताया कि जेंडाया ने जो अंगूठी पहनी है वह शादी की अंगूठियों की तरह है। बातचीत में नील ने कहा कि सादी अंगूठियां अक्सर आत्मविश्वास का संकेत होती हैं।



# डीसी स्टूडियो की सुपरहीरो फिल्म में शामिल हुए आरोन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर आरोन पियरे डीसी स्टूडियोज की आने वाली सुपरहीरो फिल्म 'मैन ऑफ टुमारो' में शामिल हो गए हैं। यह फिल्म 2025 की सुपरहिट फिल्म 'सुपरमैन' का सीक्वल है। आरोन पियरे इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'लैंटर्न्स' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो ग्रीन लैंटर्न किरदारों पर बेस्ड है। यह सीरीज इस गर्मियों में रिलीज होगी। आरोन पियरे ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खबर की पुष्टि की। फिल्म की कहानी लिखने और निर्देशन का काम फिर से जेम्स गन ही कर रहे हैं। यह फिल्म 9 जुलाई 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके सीक्वल में डेविड कोरेन्सवेट दोबारा सुपरमैन/क्लार्क केंट का किरदार निभाते नजर आएंगे, जबकि निकोलस हॉल्ट लेक्स लूथर के रोल में वापस आ सकते हैं। इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल में अटलांटा में शुरू होगी और गर्मियों तक चलती रहेगी। कहानी में सुपरमैन और लेक्स लूथर को एक अजीब गठबंधन करना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें ब्रेनियाक नाम के एक बहुत ताकतवर एलियन विलेन से खतरा होगा।



# सिद्धार्थ की अगली हॉरर फिल्म का होंगे हिस्सा


**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने अब तक के करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्में की हैं, लेकिन एक खास जॉनर करने से वह चूक गए हैं। अब वह सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म की कहानी को लेकर भी अपडेट सामने आया है। किंग फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद अपनी मारफिक्स बैनर तले एक हॉरर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म में ही अभिषेक बच्चन अभिनय करेंगे। कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म एक पिता और बेटी के इमोशनल रिश्ते पर होगी। फिल्म को बड़े स्तर पर वीएफएक्स का काम भी किया जाएगा। वैसे अब तक इस बात की ऑफिशियल अनाउंसमेंट मेकर्स ने नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभिषेक बच्चन फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं। वहीं, किंग खान की बेटी सुहाना खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।




# मैं वापस आऊंगा का टीजर रिलीज जब वी मेट की याद आ गई

**मुंबई।** रोमांस और प्यार की बात जब भी आती है तो इम्तियाज अली को भुलाया नहीं जा सकता। इस बार इम्तियाज 'मैं वापस आऊंगा' लेकर हाजिर हो रहे हैं, जिसका टीजर रिलीज हो गया है। दिलजीत दोसांझ की ये फिल्म रोमांटिक तो है ही साथ ही इमोशनल करने वाली भी दिख रही है। फिल्म के टीजर में गुजरे वक्त की कहानी दिखाई जाती है। टीजर में दिखाया गया है कि एक लड़का (वेदांग रैना) लड़की (शरवरी) को पसंद करता है। वो उसे छिपकर देखता रहता है। जिसके बाद उससे मिलता भी है। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह भी हैं जिन्हें पहचान पाना मुश्किल है। इस ट्रेलर को देखकर लोगों ने कहा- इम्तियाज तो इम्तियाज ही हैं, एक बार फिर से उन्होंने ये साबित कर दिया है। वहीं कई लोगों ने दिलजीत दोसांझ की तारीफ की है और कहा है कि रणबीर के बाद दिलजीत अब इम्तियाज के फेवरेट बन गए हैं। वहीं एक ने कहा है- 'जब वी मेट' की याद आ गई।

## टीवी मसाला



# एमएक्स प्लेयर पर रिलीज होंगे इन सेलेब्स के खास शोज

**नई दिल्ली।** अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अपनी इस साल की बड़ी रिलीज की घोषणा कर दी है। इसके अंतर्गत शिखर धवन का शो बैटलग्राउंड सीजन 2, नसीरुद्दीन शाह की मेड इन इंडिया और संजय कपूर की अब होगा हिसाब रिलीज होंगी। शिखर धवन की अगुवाई वाला शो 'बैटलग्राउंड सीजन 2' जल्द ही रिलीज होने वाला है। इसमें भारत के जबरदस्त फिटनेस के दीवाने और प्रोफेशनल एथलीट जीत के लिए संघर्ष करेंगे। नए सिरे से बने 'बैटलग्राउंड हाउस' में एक ही छत के नीचे 16 कंटेस्टेंट होंगे। इस शो के निर्देशक उत्तम डोमाले, दीपदत्त पांडे और नेहा सेठ हैं। दिव्येंदु शर्मा और भावना अरोड़ा की अदाकारी वाला शो 'वेटिंग है' इसी साल रिलीज होने वाला है। इसकी कहानी एक रेलवे पुलिस फोर्स के जवान के आस-पास घूमती है, जो तत्काल टिकट पाने की जद्दोजहद के दौरान, करोड़ों के एक घोटाले का पर्दाफाश करता है। इसके निर्देशक समीर विध्वंस होंगे। सनी हिंदुजा और मीरा चोपड़ा की अदाकारी वाली सीरीज 'विमल खन्ना' इस साल रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके निर्देशक साकेत चौधरी और अभिनव सीकर हैं। इसमें एक ऐसे शख्स की कहानी दिखाई गई है जो हालात का मारा है और रक्षक' बन जाता है। दर्शकों को इसका इसका इंतजार है। क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर की अदाकारी वाली सीरीज 'रक्तांचल 3' एक पॉलिटिकल-क्राइम सीरीज है।

## सीआईडी के मेकर्स ने मुझे अचानक निकाला

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक क्राइम सीरीज सीआईडी का हर कोई फैन रहा है। इसका नया सीजन आया लेकिन लोगों के बीच उतना हाइप क्रिएट नहीं कर सका, जितना इसके पुराने और ओरिजनल एपिसोड्स और कलाकारों ने किया था। एसीपी प्रद्युमन, दया, फ्रेड्रिक्स, डॉक्टर सालुंखे, डॉक्टर तारिका, पूर्वी समेत कई किरदारों के अलावा, इसमें इंस्पेक्टर काजल भी थीं, जिनका किरदार 'अनुपमा' एक्ट्रेस जसवीर कौर ने निभाया था। उन्होंने अब एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि एक दिन उन्हें अचानक शो से निकाल दिया गया और उन पर आरोप लगाए गए। उनके मुताबिक, उन पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए और अचानक शो छोड़ने के लिए कहा गया था। इसके बाद उन्होंने 7 साल तक स्ट्रगल किया और कैमियो के अलावा इनकम टैक्स रिटर्न से गुजारा किया। मुझे ऑफिस बुलाया गया और अचानक से कहा गया कि मेरा तौर-तरीका नहीं सही था। और मैंने बिना डायलॉग्स के स्क्रिप्ट भी ले ली थी।



# तीन बड़ी फिल्मों से टकराएगी शाहिद-कृति-रश्मिका की मूवी

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी की 'कॉकटेल' के बाद होमी अदजानिया इसका सीक्वल 'कॉकटेल 2' लेकर आ रहे हैं। इसमें शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना दिखाई देंगी। ये साल 2026 की मोस्टअवेटेड फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज डेट आ गई है। शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट करके रिलीज डेट बताई है। फिल्म 19 जून को थिएटर्स में दस्तक देगी। लेकिन, इस मूवी के लिए थिएटर्स में अपनी जगह बना पाना मुश्किल होगा। 19 मार्च को रिलीज होने वाली यश की 'टॉक्सिक' अब 4 जून को रिलीज होगी जो पैन-इंडिया फिल्म है। 6 भाषाओं में इसे बड़े पर्दे पर उतारा जाएगा। वहीं, एक हफ्ते बाद वरुण धवन की मूवी 'है जवानी तो इश्क होना है', जो पहले 10 अप्रैल से 5 जून को आनी थी, वह अब 12 जून को दस्तक देगी। फिर एक हफ्ते बाद 19 जून को 'कॉकटेल 2' आएगी और उसके एक हफ्ते बाद 26 जून को अक्षय कुमार की मल्टी स्टारर फिल्म 'वेलकम टू जंगल' बॉक्स ऑफिस पर धप्पा बोलेगी।



# इस वीकएंड ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का तड़का

**नई दिल्ली।** फिर वीकएंड आ गया है! कुछ लोग अपने काम निपटाएंगे। कुछ दोस्तों के साथ मुलाकात और पार्टी करना पसंद करेंगे। मगर, एंटरटेनमेंट के शौकीन अपने पसंदीदा सिनेमा का लुत्फ उठाएंगे। बढ़ती गर्मी के बीच अगर थिएटर जाने का मन नहीं है और घर बैठे ही कुछ बढ़िया देखना है तो इस वीक की ओटीटी लिस्ट चेक कर लीजिए। इस बार काफी दिलचस्प विकल्प हैं।

### द ताज स्टोरी

परेश रावल अभिनीत यह फिल्म 31 अक्तूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे लेकर काफी विवाद रहा था। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर भी यह औसत रही। अब 'द ताज स्टोरी' ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। यह फिल्म 13 मार्च 2026 से लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम हो रही है।

## रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज



### एस्पिरेंट्स सीजन 3

लोकप्रिय सीरीज एस्पिरेंट्स के पिछले दो सीजन काफी पसंद किए गए। अब यह सीरीज अपने तीसरे सीजन के साथ आ रही है। टीवीएफ की यह चर्चित सीरीज 13 मार्च 2026 से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह सीजन डीएम अभिलाष (नवीन कस्तूरिया) की सफलता के बाद की चुनौतियों को दिखाएगा। साथ ही, संदीप ओहलान के आरोपों के बाद की जांच और रिश्तों में आए उतार-चढ़ाव पर बेस्ड है। नवीन कस्तूरिया, सनी हिंदुजा और अभिलाष थपलियाल इसमें अहम रोल में नजर आएंगे।

### पूकी

फिल्म पूकी फरवरी में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह भी ओटीटी पर आ रही है। इस फिल्म में जेन जी के रिश्तों की जटिलताओं को दिखाया गया है। वीकएंड पर इस फिल्म को देख सकते हैं। यह 13 मार्च 2026 से जी5 पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह तमिल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है।

### फंकी

अगर आप कुछ कॉमेडी से भरपूर देखना चाहते हैं तो इस वीकएंड आप 'फंकी' देख सकते हैं। यह साउथ की कॉमेडी फिल्म है। यह शुक्रवार 13 मार्च को ओटीटी पर रिलीज होगी। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

### जूटोपिया 2

एनिमेटिड फिल्म 'जूटोपिया' का दूसरा पार्ट यानी 'जूटोपिया 2' भी इस वीकएंड की लिस्ट में शामिल है। इसे बच्चों के साथ बैठकर वीकएंड पर देखा जा सकता है। यह 11 मार्च को जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है।

## 15 मार्च को डॉल्बी थिएटर में होना ऑस्कर 2026 का आयोजन

# थप्पड़ से लेकर कपड़े उतारने तक की घटनाएं रहीं विवादित

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऑस्कर 2026 का आयोजन 15 मार्च को लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में होना है। लेकिन, भारत में इस अवॉर्ड समारोह को सोमवार 16 मार्च की सुबह साढ़े चार बजे से देखा जा सकेगा। फैंस इस समारोह का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऑस्कर को फिल्म जगत का सबसे मशहूर समारोह माना जाता है। लेकिन, ऑस्कर में कई ऐसे विवाद भी हुए हैं, जो काफी चर्चाओं में रहे।

### जब गलत फिल्म का हुआ अनाउंसमेंट

2017 में बेस्ट पिक्चर कैटेगरी में 'मूनलाइट' फिल्म को अवॉर्ड दिया जाने वाला था। हालांकि, अवॉर्ड प्रेजेंटर्स को जो लिफाफा मिला, उसमें फिल्म 'ला ला लैंड' का नाम लिखा गया था। अनाउंसमेंट होने के बाद प्रेजेंटर्स ने सही नाम की घोषणा कर माफी मांगी थी।

### विल ने होस्ट क्रिस रॉक को जड़ा थप्पड़

2022 में ऑस्कर सबसे ज्यादा चर्चा में विल स्मिथ द्वारा क्रिस रॉक को मंच पर थप्पड़ मारने के चलते चर्चाओं में से सुर्खियों में रहा था। क्रिस ने विल स्मिथ की पत्नी के गंजे सिर पर मजाक किया था। कुछ देर बार विल स्मिथ को फिल्म 'किंग रिचर्ड' के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला, तो उन्होंने मंच पर एकेडमी से माफी मांगी, लेकिन उन्होंने क्रिस रॉक के लिए कुछ नहीं कहा।



### मार्लन का चोरी हो गया ऑस्कर

1954 की फिल्म 'ऑन द वॉटरफ्रंट' के लिए मार्लन ब्रांडो को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला था, जो उनके घर से चोरी हो गया था। कुछ समय बाद 'टाइटैनिक' एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो को यही अवॉर्ड अमेरिकन फाइनेंसर जो लो ने तोहफे में दिया। जो लो ने लियोनार्डो की फिल्म 'द वुल्फ ऑफ द वॉल स्ट्रीट' में पैसे लगाए थे।

### लियोनार्डो ने लौटाया अवॉर्ड

जब जो लो पर धोखाधड़ी के केस की जांच बैठी और उनकी संपत्ति जब्त हुई तो लियोनार्डो को ये अवॉर्ड अधिकारियों को लौटाना पड़ा। जो लो ने अधिकारियों को बताया कि ये अवॉर्ड एक ऑक्शन में 6 लाख डॉलर (5.2 करोड रुपए) में खरीदा था।

### कोरिन ने स्टेज पर उतारे कपड़े

साल 2021 के ऑस्कर अवॉर्ड के दौरान फ्रेंच अभिनेत्री कोरिन मासेरियो ने स्टेज पर ही कपड़े उतार दिए थे। उन्होंने फ्रेंच सरकार का विरोध करने के लिए ऐसा किया था। वह जैसे ही अवॉर्ड लेने के लिए स्टेज पर पहुंचीं, उन्होंने अपने कपड़े उतार दिए। उनके शरीर पर नारे लिखे हुए थे।

### एड्रियन ने हैल को स्टेज पर किया किस

साल 2003 में अमेरिकी अभिनेता एड्रियन ब्रूडी ने स्टेज पर एक्ट्रेस हैल बेरी को किस कर लिया था, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। दरअसल, ब्रूडी को फिल्म 'दि पियानिस्ट' के लिए ऑस्कर मिला था। अवॉर्ड देने के लिए स्टेज पर जब अभिनेत्री हैल बेरी आईं तो अभिनेता ने उन्हें किस कर लिया।

### सेरेमनी से पहले चोरी हुई 55 ऑस्कर ट्रॉफी

साल 2000 में ऑस्कर समारोह से 20 दिन पहले 55 ट्रॉफी से भरा ट्रक चोरी हो गया था। जल्दबाजी में सेरेमनी के लिए नई ट्रॉफी बनवाई गईं। कुछ दिनों बाद एक शख्स को कचरे के ढेर में 52 ऑस्कर ट्रॉफी मिली थीं। बची हुई 3 में से एक ट्रॉफी ड्रग रेड में मिली, लेकिन बाकी 2 ट्रॉफी आज भी लापता हैं। रिकवर हुईं सभी ट्रॉफी को नष्ट कर दिया गया था।

**खबर संक्षेप**

## बारहवीं बोर्ड परीक्षा में नहीं बना एक भी नकल प्रकरण




**तालदेवरी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा 24 फरवरी से 14 मार्च तक शांति पूर्वक संपन्न हुई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तालदेवरी को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा केंद्र तालदेवरी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर बिर्रा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलादेही, जीनियस पब्लिक स्कूल बिर्रा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तालदेवरी के 233 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा केंद्र में केन्द्राध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा दिशानिर्देश, सहायक केन्द्राध्यक्ष सुश्री बबीता भगत मार्गदर्शन, परीक्षा कन्ट्रोलर श्रीमती पापिया चक्रवर्ती व परीक्षा नियंत्रक सहयोगी बंधुराम साहू, योगेश निर्मलकर, हेमन्त कुमार कश्यप, संकुल समन्वयक ललित मनहर के निरंतर व्यवस्था से बारहवीं बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों को अनुचित साधन का उपयोग नहीं किया गया जिसके कारण नकल प्रकरण नहीं बना है। प्रतिदिन परीक्षा कक्ष का केन्द्राध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा, सहायक केंद्राध्यक्ष सुश्री बबीता भगत के द्वारा लगातार सभी कमरा का निरीक्षण किया गया। पर्यवेक्षक ड्यूटी में तुलेश्वर देवांगन, हेमन्त कुमार कश्यप, पंकज यादव, कन्हैया देवांगन, नागेश देवांगन, सुरेश कुमार, मनोहर ड़ड़सेना, सुशील नेताम, मनीषा बेबी चौहान, अर्पणा बड़ा, अनिता राज, प्रीति मिंज, गुड़िया केंवट, माधुरी तंबोली, पुष्पा कश्यप, मनोज देवांगन, कृष्ण कुमार कश्यप नवधा चद्रा शामिल थे।

## बजरंगबली मंदिर परिसर में तीन दिवसीय भजन-कीर्तन आज से

**नरियरा।** जय बजरंगबली कीर्तन मंडली सड़क पारा द्वारा डाकघर के पास नगर पंचायत नरियरा द्वारा 15 मार्च से 17 मार्च तक तीन दिवसीय कीर्तन भजन समारोह का आयोजन बजरंगबली मंदिर परिसर में किया जा रहा है। कीर्तन मंडली द्वारा प्रातः प्रभात फेरी निकालकर मोहल्ले में भ्रमण किया जाता है। लोगों द्वारा अन्न दान किया जाता है। यह कार्यक्रम लगभग 45 वर्षों से अनवरत जारी है। मंडली के प्रयास से ही यह धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंडली द्वारा श्रद्धालुओं एवं मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। सफल आयोजन के लिए समिति गठित की गई है जिसमें संरक्षक बुद्धू साव राजकुमार साव, नरोत्तम साहू, कृष्ण कुमार निर्मलकर, जनक साहू, लल्लू यादव, सत्यवान साहू, अध्यक्ष शिशुपाल निर्मलकर और खोलबहरा निर्मलकर कोषाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पटेल उपकोषाध्यक्ष राम रतन पटेल, सचिन रामलाल राठौर, पंचराम पटेल, सलाहकार अनिरुद्ध शरण सिंह वीर नारायण अग्रवाल सनत कुमार साव, नंदलाल पटेल नेतराम साहू को शामिल किया गया है।

## निधन

### श्रीमती नीलू चौबे



**जांजगीर-चांपा।** समीपस्थ ग्राम खोखरा की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती नीलू चौबे का 54 वर्ष की उम्र में शनिवार 14 मार्च को निधन हो गया। वे शिक्षक दिनेश चौबे की धर्मपत्नी थी। मुखाग्नि उनके सुपुत्र संकल्प चौबे ने दी। उनका अंतिम संस्कार रानी तालाब जांजगीर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन सहित शहर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### रतनी देवी अग्रवाल



**चांपा।** स्थानीय तहसील मार्ग निवासी अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित नागरिक तथा व्यवसायी गोविंदराम अग्रवाल की माता श्रीमती रतनी देवी अग्रवाल का शुक्रवार 13 मार्च को हरिद्वार में निधन हो गया। वे 70 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती अग्रवाल अपने पीछे दो पुत्रों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 14 मार्च को हरिद्वार में ही किया गया।

ग्लूकोमा बीमारी के लक्षण, बचाव और समय पर जांच के बारे में दी गई जानकारी

# शिविर में 78 कर्मचारियों की हुई आंखों की जांच



नेत्र शिविर में आंखों की जांच करते चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विश्व ग्लूकोमा दिवस के अवसर पर कार्यालय खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा के तत्वावधान में जेएसडब्ल्यू महानदी पावर कंपनी लिमिटेड परिसर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों एवं मजदूरों में आंखों से संबंधित बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय पर उपचार सुनिश्चित करना रहा। शिविर में कुल 78 कर्मचारियों एवं मजदूरों की आंखों की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई। जांच के दौरान जिन कर्मचारियों को दृष्टि संबंधी समस्या पाई गई, उन्हें निःशुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को ग्लूकोमा जैसी गंभीर आंखों की बीमारी के लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अंधत्व नोडल अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र लहरे, डॉ. अमित मिरी, नरेंद्र सिंह जांजगीर, आर. के. यादव, प्रीतेश सिंह चंदेल, सत्यजीत कुर्रे, डी. आर. भारते तथा नेत्र सहायक अधिकारी श्रीमती बबिता पाटले के द्वारा नेत्र परीक्षण करते हुए ग्लूकोमा के संबंध में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि ग्लूकोमा एक गंभीर बीमारी है, जो समय पर पहचान और उपचार न मिलने पर दृष्टि को स्थायी नुकसान पहुंचा सकती है, इसलिए नियमित नेत्र जांच बेहद आवश्यक है। जेएसडब्ल्यू प्रबंधन की ओर से जितेंद्र त्रिपाठी, अभिषेक शर्मा, डॉ. प्रभात विश्वकर्मा तथा नर्सिंग स्टाफ ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई और कर्मचारियों को स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित किया। जेएसडब्ल्यू प्रबंधन ने बताया कि कंपनी का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों एवं मजदूरों के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल करते हुए उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है।

## खाद-बीज की कमी एवं कालाबाजारी से किसान परेशान : कश्यप

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के आठवें दिन कृषि पशुपालन, मछली पालन एवं आदिम जाति विकास विभाग के अनुदान मांगों पर चर्चा करते हुए जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ की आत्मा खेती-किसानी पर ही बसती है। अधिकांश किसान यहां पर चाहे सत्ता पक्ष के हो, चाहे विपक्ष के हों, सबका मूल व्यवसाय खेती-किसानी ही है। उन्होंने कहा कि खाद-बीज की कमी एवं कालाबाजारी से किसान परेशान हैं। सरकारी सोसायटियों में यूरिया का स्टॉक खत्म बता दिया जाता है जबकि वही यूरिया खुले बाजार में 1500 रूपए प्रति बोरा तक बिका है। राज्य के खाद वितरण की नोडल एजेंसी मार्कफेड के द्वारा छत्तीसगढ़ के स्थानीय कारखानों को दरकिनार कर राजस्थान की एक प्रायवेट कंपनी के खाद को सोसायटियों में भर-भरकर बिकवाया। उन्होंने राजस्थान की प्राइवेट कंपनी को लाभ पहुंचाने वाले अधिकारी एवं मार्कफेट खाद घोटाले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि वे जांजगीर-चांपा जिले से आते है। वहां के साथ-साथ पूरे राज्य में धान का उत्पादन घट गया है, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है कि सरकार इस बार 149 लाख मीट्रिक टन के बदले 141 लाख मीट्रिक टन ही धान खरीद पाई है। प्रमाणित आंकड़ों में वर्ष 2024-25 में 149 लाख मीट्रिक टन रह गया है। जांजगीर-चांपा में भी उत्पादन साढ़े छः लाख से गिरकर 6 लाख 10 हजार मीट्रिक टन पर आ गया है। यह गिरावट प्रमाणित करती है कि खाद नही मिलने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है।



सामान्य सभा की बैठक में चर्चा करते जनपद सदस्य एवं अधिकारी।

# सामान्य सभा की बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार पूर्वक हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- जनपद सभाकक्ष में सामान्य सभा बैठक के दौरान सभापति ने व्यक्त की अपनी पीड़ा

जनपद पंचायत के सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के विकास सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जनपद पंचायत अकलतरा के क्षेत्र क्रमांक 11 के सदस्य एवं सभापति ईश्वर साहू ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जनपद अध्यक्ष का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया कि जनपद पंचायत के कुछ रोजगार सहायक एवं सचिव शासन की विभिन्न योजनाओं से जुड़े कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ईश्वर साहू ने बताया कि कई महत्वपूर्ण कार्य, जो जन सुरक्षा तथा शासन की योजनाओं से जुड़े हुए हैं और जिन्हें मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा पूर्ण करने के लिए आदेशित किया गया है, वे भी समय-सीमा में पूरे नहीं हो पा रहे हैं। साथ ही जनपद कार्यालय द्वारा कार्यों की प्रगति या उनके पूर्ण होने की नियमित जानकारी भी नहीं ली जा रही है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी से आग्रह किया गया कि संबंधित शासकीय कर्मचारियों पर आवश्यक कसावट करते हुए शासन की योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर आम जनता तक पहुंच सके। उन्होंने यह भी कहा कि शासकीय योजनाओं का संचालन निर्धारित समयावधि में करना प्रशासन की पूर्ण जिम्मेदारी है और इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जानी चाहिए। आमजन को किसी भी परिस्थिति में परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि योजनाओं का क्रियान्वयन समय पर नहीं हुआ और आम जनता को किसी प्रकार की समस्या या असुविधा होती है, तो इस संबंध में उच्च अधिकारियों से शिकायत भी की जाएगी।

# 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा को लेकर बीईओ ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विकासखंड में 16 मार्च से प्रारंभ होने वाली केंद्रीयकृत 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू संचालन को लेकर बीईओ देवकांत द्विवेदी द्वारा विकासखंड शिक्षा कार्यालय में संकुल समन्वयकों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में परीक्षा की तैयारी, प्रश्न पत्रों के वितरण एवं परीक्षा संचालन संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। बीईओ श्री द्विवेदी ने समन्वयकों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी संकुल समन्वयक निर्धारित तिथि पर संबंधित थाना से प्रश्न पत्र प्राप्त कर संकुल केंद्र के माध्यम से समय से पूर्व केंद्र अध्यक्षों को उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा समाप्त होने के पश्चात प्रश्न पत्रों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संकुल केंद्र में वापस जमा कराया जाए तथा सभी विद्यालयों के प्रश्न पत्रों को एकत्रित कर विकासखंड शिक्षा कार्यालय में जमा किया जाए। उन्होंने परीक्षा संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की विशेष या आकस्मिक स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल उच्च



अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में यह भी कहा गया कि राज्य शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए। बैठक को एबीईओ स्वाति राठौर एवं रत्नमाला सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान वरिष्ठ शैक्षिक समन्वयक रमेश कुर्रे, विनोद चौबे, युवराज सिंह, दामोदर चौधरी, अमित धीरही, प्रमित सिंह, ओम शंकर निर्मलकर, दीपक यादव, प्रवीण पाटनवार, अभिषेक सिंह, योगेंद्र पाल मिरी, ईश्वरी कश्यप, दिनेश तिवारी सहित विकासखंड के समस्त संकुलों के शैक्षिक समन्वयक उपस्थित रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान आज से

**देवरी सारागांव।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 15 और 16 मार्च को आवासीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन वार्ड नंबर 1 सारागांव में सुबह 9 बजे से रखा गया है। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने बताया कि व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण और संगठन से राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करना, कार्यकताओं को संगठनात्मक कार्यपद्धति से अवगत कराना है। इसमें जिला और मंडल स्तर पर आवासीय प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं, जिसमें विभिन्न विषयों पर वक्ता कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। यह राष्ट्रव्यापी सांगठनिक पहल है, जो कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, अंत्योदय, राष्ट्रसेवा और संगठनात्मक अनुशासन में प्रशिक्षित करती है। यह अभियान वैचारिक स्पष्टता के साथ कार्यकर्ताओं के सर्वांगीण विकास और जनसंवाद को प्रभावी बनाना है।


# युवाओं को कौशल निखारने अवसर देता है हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा में अध्ययनरत मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सदस्य, प्रबंधन एवं अनुश्रवण समिति, भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा एवं समाज सेविका इंजीनियर श्रीमती मंजूषा पाटले के हाथों छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन छात्रवृत्ति एवं पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में सत्र 2025-26 के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों और उत्कृष्ट उपस्थिति के आधार पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि इंजी. श्रीमती मंजूषा पाटले ने कहा कि जब किसी के हुनर को संवारना हो और उसे आगे बढ़ाने के लिए गति देनी हो, तो एक मंच की आवश्यकता होती हैं। भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा ऐसा ही एक मंच हैं, जो युवाओं को अपने कौशल को निखारने और आगे बढ़ने का अवसर देता हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान रेणु साहू फर्स्ट सेमेस्टर और मोनिका साहू थर्ड सेमेस्टर को उत्कृष्ट अंक और उपस्थिति के आधार पर 1600-1600 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। वहीं यशमिता देवांगन, आदित्य कोरी और रीना मिराज को भी उत्कृष्ट उपस्थिति के लिए 600-600 रुपये की राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य सौरभ सिंह ठाकुर, डी.डी.ओ. बिहारी लाल पटेल सहित शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।




मेधावी छात्र को प्रोत्साहन राशि का चेक देते अतिथि।

# युवा संगम के सफल आयोजन को लेकर हुई बैठक

**बाराद्वार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त विकासखंड सक्ती का राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के लिए युवा संगम का आयोजन रविवार 15 मार्च को मंगल भवन नगर पंचायत नया बाराद्वार में किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होकर खेल, चर्चा सत्र, बौद्धिक सत्र इत्यादि के साथ कार्यक्रम शायं 5 बजे संपन्न होगा। कार्यक्रम में 18 वर्ष से 35 वर्ष के सभी युवा-युवती सहभागी होने हेतु आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की सफलता हेतु नगर के कार्यकर्ताओं सहित खंड सक्ती के कार्यकर्ता लगे हुए हैं। युवा संगम के लिए एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें गौरीशंकर राठौर , अरविंद तिवारी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, जगेश राय, जिला



पंचायत सदस्य आयुष शर्मा, अरुण शर्मा, गेंदराम मनहर, शरद कुमार श्यामले,संतोष यादव, जगन्नाथ यादव, गुलशन देवांगन,पार्षद अजय राजपूत, अमित बरेठ, भरत कर्ष, पंकज संवाड़िया, अनिल यादव, रविन्द्र खांडे सहित अन्य स्वयं सेवक मौजूद रहे । सक्ती खंड के युवक-युवतियों से इस युवा संगम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह खंड कार्यवाह गौरी शंकर राठौर द्वारा किया गया।

# धूमधाम से मनाई गई मिनी माता की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर में डॉ. अंबेडकर विचार युवा संगठन अकलतरा और प्रगतिशील सतनामी समाज अकलतरा के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम महिला सांसद और समाज सुधारक मिनी माता की जयंती पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने उनके अकलतरा स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने मिनी माता के जीवन संघर्षों, समाज के प्रति उनके



माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते समाज के लोग।

योगदान और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए उनके कार्यों को याद किया। उपस्थित लोगों ने उनके बताए गए आदर्शों और मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में शांति भारते,के आर टांडे,दीपक मनहर, विजय खांडेल,राजेश्वर पाटले, बी.पी. पाटले,सुरेन्द्र लहरें, शैलेन्द्र रात्रे,धीरेंद्र जश्कर,ब्रिज महिलांगे, एवन भारद्वाज, निक्कू कुमार, विकास भारद्वाज,सुरेश मिर्चयान्य, संतोष बंजारे,राकेश कुर्रे, मोती लाल कुर्रे, संतन सिंहा, छोटू तांद्रे समय लाल धीरही सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

गौधाम योजना के शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# गौधाम योजना गौ सेवा और पशुधन संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार 14 मार्च को बिलासपुर के लाखासार से गौधाम योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में 29 गौधामों की शुरुआत की गई है। प्रथम चरण में 152 गौधाम बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है, वहीं चरणबद्ध रूप से पूरे प्रदेश में 1460 गौधाम विकसित करने की योजना है। यह पहल प्रदेश में घुमंतू एवं निराश्रित पशुओं के संरक्षण और बेहतर प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं पशुधन विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत




गौधाम योजना के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथिगण।

सक्ती अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चंद्रा ने गौ माता की विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सक्ती अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि गौधाम योजना गौसेवा और पशुधन संरक्षण की दिशा में शासन की एक दूरदर्शी और सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से घुमंतू एवं निराश्रित गौवंश को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जाएगा, जहां उनके लिए भोजन, पानी, उपचार और देखभाल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इससे सड़कों पर घूमने वाले गौवंश को संरक्षण मिलने के साथ-साथ उनके पालन-पोषण और संवर्धन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल गौवंश की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे पशुधन संरक्षण को मजबूती मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में भी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। इस अवसर पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि गौधाम योजना के माध्यम से घुमंतू एवं निराश्रित गौवंश को सुरक्षित और बेहतर देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि गौधामो की स्थापना से पशुधन संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इससे किसानों, पशुपालकों और स्थानीय लोगों को आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मदरिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन

डॉ. एश्वर्य मदरिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123



कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त,08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्स्ट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411